हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार 24 जून 2026

13 कच्चा बादली रोड पर गंदगी से अटे नाले, रोष जताया



14 होटल और बैंक्वेट हॉलों में निरीक्षण कर किया जागरूक



## खबर संक्षेप



### ऑटो म्यूटेशन प्रणाली से मिलेगी सरल व पारदर्शी सुविधा : डीसी

**झज्जर।** राजस्व विभाग की ओर से जनसुविधा के मद्देनजर सराहनीय कार्य किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के लोगों के लिए मंगलवार को राजस्व विभाग के माध्यम से और मजबूत प्रणाली का आगाज करते हुए ऑटो म्यूटेशन प्रणाली एवं पेपरलेस रजिस्ट्रेशन 2.0 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से सभी जिलों में इस व्यवस्था की शुरुआत की। स्थानीय लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में डीसी वर्षा खांगवाल व अन्य अधिकारी ऑनलाइन जुड़े और मुख्यमंत्री का संदेश सुना। ऑनलाइन कार्यक्रम के उपरांत डीसी ने कहा कि संपति रजिस्ट्रेशन की इस नई व्यवस्था से लोगों को काफी लाभ मिलेगा। इस नई व्यवस्था से नागरिकों को सरल, पारदर्शी सुविधा मिलेगी।

### बादली कॉलेज में बढ़े 9 सहायक प्रोफेसर

**बहादुरगढ़।** बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न विषयों के 9 नवचयनित असिस्टेंट प्रोफेसर ने ज्वाइन किया है। जिसके बाद महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर की संख्या 36 हो गई है। प्राध्यापकों की कमी पूरी होने से यहां शिक्षा का स्तर भी बेहतर होगा। यही कारण है कि नए सत्र में एडमिशन के लिए पिछले सत्र से अधिक संख्या में विद्यार्थी आवेदन कर रहे हैं। प्राचार्य मेजर आनंद कादयान ने बताया कि इस सत्र से विद्यार्थियों की मांग पर महाविद्यालय में पीजी डिप्लोमा इन रिमोट सेंसिंग एवं ज्योग्राफिक इंफॉमेशन सिस्टम शुरू किया गया है। साथ ही बीए में फिजिकल एजुकेशन विषय शुरू किया गया है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है।

### दो किलो गांजे के साथ एक आरोपी काबू

**बहादुरगढ़।** नशा विरुद्ध अभियान के तहत सीआईए टू बहादुरगढ़ की पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को करीब 2 किलो नशीले पदार्थ गांजा के साथ काबू किया है। सीआईए टू बहादुरगढ़ प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर ध्रुव निवासी रोहद को नया गांव चौक के निकट पकड़ा गया। शक की बिनाह पर राजपत्रित अधिकारी के समक्ष नियम अनुसार तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से करीब 2 किलो 36 ग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। अदालत के आदेश अनुसार उसे पूछताछ के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 जून 2018 को ग्रीन लाइन कॉरिडोर के बहादुरगढ़ तक संचालन का किया था शुभारंभ

# 8 साल पहले आई मेट्रो ने बदली बहादुरगढ़ की तस्वीर, शिक्षा-रोजगार में बढ़े अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आज से आठ वर्ष पहले बहादुरगढ़ को दिल्ली मेट्रो से जोड़ने का सपना साकार हुआ था। मेट्रो के आगमन ने शहर के लोगों की यात्रा को आसान बनाया। साथ ही बहादुरगढ़ के सामाजिक, आर्थिक और शहरी विकास को भी नई गति दी। आठ वर्षों में मेट्रो ने शहर को दिल्ली से जोड़ने के साथ-साथ लोगों की जीवनशैली, रोजगार, शिक्षा और व्यापार के अवसरों को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। हालांकि अब लोग इसके सांपला-रोहतक की तरफ विस्तार के सपने को साकार होते देखाना चाहते हैं।

बता दें कि डीएमआरसी ने देश की राजधानी और एनसीआर में आमजन की जिंदगी के सफर को बेहद आसान बनाने में अहम भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 जून 2018 को ग्रीन लाइन कॉरिडोर के मुंडका से आगे बहादुरगढ़ तक संचालन का शुभारंभ किया था। इससे पहले जहां दिल्ली आने-जाने के लिए लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ता था, वहीं अब हजारों लोग रोजाना आरामदायक और समयबद्ध यात्रा कर रहे हैं। पहले ही वर्ष में मेट्रो ने करीब 43 लाख यात्रियों को बहादुरगढ़-दिल्ली के बीच सफर करवाया था। साल दर साल इस संख्या में इजाफा हो रहा है। करीब 11.183 किलोमीटर लंबे एलिवेटिड कॉरिडोर पर 7 स्टेशन हैं। इनमें दिल्ली के मुंडका औद्योगिक क्षेत्र, घेवरा, टिकरी कलां व टिकरी बॉर्डर के अलावा हरियाणा के पंडित श्रीराम शर्मा मेट्रो स्टेशन, बहादुरगढ़ सिटी मेट्रो स्टेशन तथा ब्रिग्रेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन शामिल हैं। इस स्टेंडर्ड गेज ट्रेक पर रोलिंग स्टॉक ट्रेन का संचालन होता है। मेट्रो के आने के बाद बहादुरगढ़ धीरे-धीरे एनसीआर के प्रमुख उभरते शहरों में शामिल हो गया। शहर में आवासीय कॉलोनियों, व्यावसायिक गतिविधियों और रियल एस्टेट क्षेत्र का विस्तार हुआ।



**बहादुरगढ़।** ग्रीन कॉरिडोर पर दिल्ली मेट्रो में सफर करते यात्रियों की भीड़।

### महिलाएं कर सकती हैं बेखौफ सफर



आंकाक्षा शर्मा ने मानती हैं कि दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुरुग्राम में शिक्षा और व्यवसाय के लिए आवागमन करने वाली महिलाओं को इससे सर्वाधिक सुविधा हुई। वे देर रात तक बेखौफ सुरक्षित और वातानुकूलित सफर करके अपने गंतव्य स्थान तक पहुंच पा रही हैं। मेट्रो के कारण सफर का समय निश्चित हो गया है और रोजाना की भागदौड़ काफी कम हुई है। दिल्ली में पढ़ने और पढ़ाने वालों के लिए मेट्रो किसी वरदान से कम नहीं है।

### बहादुरगढ़ में निवेश के मौके बढ़े



नेहा शेखर यादव का कहना है कि मेट्रो के संचालन के बाद यात्रा समय में बचत हुई और लोगों को सुरक्षित, सस्ता तथा सुविधाजनक विकल्प मिला। मेट्रो कनेक्टिविटी का सबसे बड़ा लाभ व्यापारिक गतिविधियों को मिला। दिल्ली और बहादुरगढ़ के बीच आवागमन आसान होने से निवेश बढ़ा। कई कंपनियों, शोरूम और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों ने शहर का रुख किया। मेट्रो के आगमन के बाद शहर में आवासीय परियोजनाओं की संख्या बढ़ी।

### घंटों लगने वाले जाम से मिला छुटकारा



नीतू शौकीन के अनुसार मेट्रो से पहले बहादुरगढ़ से दिल्ली जाने वाले लोगों की निर्भरता बसों, निजी वाहनों और साझा परिवहन पर थी। रोहतक रोड पर लगने वाले जाम के कारण लोगों को घंटों का समय लग जाता था। बहादुरगढ़ के हजारों छात्र प्रतिदिन दिल्ली के कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई के लिए जाते हैं। वहीं मरीज भी बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के लिए आसानी से दिल्ली पहुंच पाते हैं। मेट्रो ने समय और खर्च दोनों की बचत की है।

## रखरखाव के अभाव में बदहाल हो रही जिले की ऐतिहासिक धरोहर

# दो वर्ष में भी नहीं बना सके बुआ-हसन तालाब की टूटी दीवार, गंदगी की भरमार

- नगर परिषद ने टूटी दीवार के पास तारबंदी कर झाड़ा पल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

अपनी ऐतिहासिक स्मृतियों को समेटे हुए शहीदी पार्क में बना बुआ-हसन तालाब उचित रख-रखाव के अभाव में बदहाल होता जा रहा है। करीब दो वर्ष पहले तालाब की विशाल दीवार अचानक टूट कर गिर गई थी, जिसकी आज तक मरम्मत नहीं करवाई गई। नगर परिषद द्वारा केवल टूटी हुई दीवार के साथ लगते क्षेत्र में तारबंदी कराकर अपना पल्ला झाड़ लिया। साफ-सफाई के अभाव में इस ऐतिहासिक तालाब का पानी गंदा हो चुका है और तालाब की सीढ़ियों पर भी गंदगी फैली हुई है। तालाब की सीढ़ियों पर पड़े कपड़ों से जहां गंदगी का माहौल बना है वहीं पानी में गिरी खाली बोतलें व कूड़ा-कर्कट इसकी सुंदरता को ग्रहण लगा रहे हैं। लोगों का कहना है कि वैसे तो जिला प्रशासन द्वारा इसका जीर्णोद्धार कर इस ऐतिहासिक धरोहर को जिंदा रखने का कार्य किया गया है। पहले बाहर खेतों से पानी इस तालाब तक पहुंच जाता था लेकिन पक्का होने पर पानी आना बंद हो गया है। अब तालाब परिसर की सफाई करने की दरकरार है।

सिटी पल्स



**झज्जर।** बुआ-हसन तालाब की टूटी दीवार व फैली गंदगी।

### तालाब से जुड़ी है धार्मिक आस्था

इस ऐतिहासिक तालाब से लोगों की आस्था भी जुड़ी है। लोगों की मान्यता है कि यदि बच्चों को फोड़े-फुंसी की शिकायत हो तो इस तालाब के पानी में नहलाने के बाद उसका रोग ठीक हो जाता है। अब इसका पानी दूषित हो चुका है। इसी कारण इस तरफ लोगों का आना-जाना भी कम हुआ है।

### जल्द टूटी दीवार की मरम्मत करवाएं



शहर के सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी सेक्टर - 9 निवासी खेम सिंह ने कहा कि बुआ-हसन तालाब शहर की ऐतिहासिक धरोहर है। लंबे समय से टूटी तालाब की दीवार की मरम्मत अब तक नहीं होना चिंता का विषय है। प्रशासन को जल्द से जल्द दीवार की मरम्मत करवाने के साथ-साथ तालाब और उसके आसपास की नियमित सफाई सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि इसकी ऐतिहासिक गरिमा बनी रहे।

### आमजन को रखना होगा स्वच्छता का ख्याल



शहर की जयहिंद कॉलोनी निवासी सुंदर सिंह ने कहा कि तालाब परिसर में फैली गंदगी के लिए केवल प्रशासन ही नहीं, बल्कि आम नागरिक भी जिम्मेदार हैं। लोगों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए और यहां नहाने आने वाले अपने अंतर्वस्त्र यहां न डालें। जनसहयोग से ही इस ऐतिहासिक स्थल की स्वच्छता बनाए रखी जा सकती है।

### कर्मचारियों की लगाई जाए नियमित ड्यूटी



शहर की ऑफिसर कालोनी निवासी आनंद कुमार ने कहा कि नगर परिषद और संबंधित विभागों को तालाब की देखरेख के लिए कर्मचारियों की नियमित ड्यूटी लगानी चाहिए। सफाई कर्मियों की निगरानी और नियमित सफाई अभियान से तालाब की बदहाल स्थिति में सुधार लाया जा सकता है तथा लोगों की आस्था और पर्यटन की दृष्टि से भी इस स्थल को बेहतर बनाया जा सकता है। तालाब के गंदे पानी की सफाई करानी चाहिए।

## आंधी के साथ हुई 3.5 एमएम बरसात ने गर्मी से दिलाई राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मंगलवार दोपहर बाद बहादुरगढ़ में मौसम ने अचानक करवट ली। तेज आंधी के साथ हुई साढ़े 3 मिलीमीटर बरसात से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। दोपहर तक तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग परेशान थे, लेकिन बादलों की आवाजाही के बाद मौसम का मिजाज बदल गया।

दोपहर बाद तेज हवाएं चलनी शुरू हुईं और देखते ही देखते आसमान में घने बादल छा गए। इसके बाद आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण में ठंडक घुल गई। सड़कों पर जमा धूल भी बारिश के कारण बैठ गई, जिससे मौसम सुहावना हो गया। हालांकि तेज हवाओं के कारण राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों ने भी बारिश को खरीफ फसलों के लिए लाभदायक बताया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में बदलाव बना रह सकता है तथा कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।



## चोरी हुई दो बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

थाना शहर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई दो मोटरसाइकिल बरामद की है। थाना प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि सतपाल निवासी बहादुरगढ़ की बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल 3 जून को चोरी होने की शिकायत मिली थी। केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की तो सुरागों के आधार पर दूसरे आरोपी आशीष को जांच में शामिल किया गया। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर चोरी की गई दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## नाबालिग लड़की से शादी पर केस दर्ज

- दो माह की गर्भवती पाई गई नाबालिग लड़की, झज्जर के युवक पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

नाबालिग लड़की से शादी करने के मामले में पुलिस ने पॉक्सो कानून सहित विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिंदर कौर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सोनीपत जिले के एक गांव की नाबालिग लड़की की शादी जिले के एक गांव में हुई है। जांच में लड़की के नाबालिग होने और दो माह की गर्भवती होने की पुष्टि हुई। इसके बाद मामले में कार्रवाई के लिए पुलिस को भेजा गया। इस संबंध में खरखौदा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के अंतर्गत नाबालिग से शादी करने वाले युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिंदर कौर ने लोगों से बाल विवाह न करने की अपील करते हुए कहा कि इससे बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास पर विपरीत असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में अब तक बाल विवाह की 11 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें सात शिकायतें गलत पाई गईं जबकि चार विवाह समय रहते रुकवाए जा चुके हैं।

## रिचेकिंग से बदली किस्मत, ईशा अब प्रदेश में 5वें नंबर पर

- दसवीं की परीक्षा में पहले ईशा के 489 अंक थे, संशोधित परिणाम के बाद उसके 495 हो गए हैं। जिले में भी अब दूसरे स्थान पर आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

महर्षि दयानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुड्डन की छात्रा ईशा ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा के संशोधित परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर दूसरा तथा प्रदेश स्तर पर पांचवां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्राचार्य रामनिवास गहलावत ने बताया कि बीते मई माह में घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में ईशा के 489 अंक आए थे। परिणाम से संतुष्ट न होने पर उसने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। संशोधित परिणाम जारी होने पर उसके अंक बढ़कर 495 हो गए, जिससे उसकी मेरिट रैंकिंग में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ। वह अब जिले में दूसरे और प्रदेश में पांचवें नंबर पर हो गई है। ईशा ने हिंदी और अंग्रेजी में 99-99, गणित में 94, सामाजिक विज्ञान में 97 तथा विज्ञान एवं एमएचवी विषय में शत-प्रतिशत यानि 100-100 अंक प्राप्त किए हैं। इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। संस्थान का अकादमिक इंचार्ज डॉक्टर राजबीर सहवाग, संस्था प्रधान रमेश डेरोलिया तथा सुरेंद्र कुमार ने ईशा और उसके अभिभावकों को बधाई दी। अभिभावक मनीष कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों और पुत्री की कड़ी मेहनत को दिया।



**बदलाव**

## विभिन्न कॉलेजों में स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए 30 जून तक कर सकते हैं आवेदन

नेहरू कॉलेज में 1200 सीटों के लिए अब तक 1628 आवेदन आ चुके

# स्नातक कक्षाओं के दाखिलों का नया शेड्यूल जारी, दस जुलाई को आएगी पहली मेरिट लिस्ट

- विद्यार्थी अपने ऑनलाइन फार्म में एक जुलाई तक करवा सकते हैं संशोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

उच्चतर शिक्षा विभाग ने विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 जून करने के बाद अब मेरिट लिस्ट जारी करने और फीस भरने का एक बार फिर नया शेड्यूल जारी कर दिया है।

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के जनसंचार विभागाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि यदि विद्यार्थी अपने ऑनलाइन फार्म में कोई संशोधन करना चाहें तो अब एक जुलाई तक कर सकते हैं। दस्तावेजों की ऑनलाइन वेरिफिकेशन छह जुलाई तक होगी। ऑनलाइन वेरिफिकेशन के लिए कॉलेज में जाने की जरूरत नहीं है। यदि कोई ऑब्जेक्शन होगा तो एसएमएस से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर सूचना मिल जाएगी। आवेदक को ऑब्जेक्शन दूर करके ऑनलाइन फॉर्म में संशोधन करना होगा।

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट नौ जुलाई को जारी होगी ताकि कोई आपत्ति हो तो उसे दूर कर दिया जाए। पहली फाइनल मेरिट लिस्ट दस जुलाई को आएगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 11 जुलाई से 15 जुलाई तक फीस भर सकेंगे। दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 16 जुलाई को जारी होगी, जबकि दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट 17 जुलाई को आयेगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 18 जुलाई से 22 जुलाई तक फीस भर सकेंगे।

### 23 जुलाई से शुरू होगी ओपन काउंसलिंग



डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के दाखिलों के बाद खाली बची सीटों को भरने के लिए ओपन काउंसलिंग 23 जुलाई से शुरू होगी। नए आवेदनों के लिए एडमिशन पोर्टल 24 जुलाई से दोबारा खुलेगा तथा 25 जुलाई से 31 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। इसके बाद एक अगस्त से सात अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के अलावा 100 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त फीस लगेगी।

### ऑनलाइन जमा होगी फीस

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि एडमिशन पोर्टल पर नो योर रिजल्ट टैब से पता लग जाएगा कि दाखिला किस कॉलेज के किस कोर्स में हुआ है। जिन अभ्यर्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा, वे फीस जमा कर सकते हैं। सरकारी कॉलेजों की फीस ऑनलाइन जमा होगी जबकि प्राइवेट कॉलेजों की फीस ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से जमा की जा सकती है। फीस भरने के बाद एडमिशन पोर्टल से रसीद डाउनलोड करें। दाखिला शुरू में अस्थाई होगा और कॉलेज में सभी दस्तावेजों की जांच की जाएगी। कोई कमी मिलने पर कॉलेज दाखिले को रद्द कर सकता है।

### बीसीए की 80 सीटों के लिए 250 आवेदन

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में यूजी कक्षाओं की 1200 सीटों के लिए मंगलवार शाम तक 1628 आवेदन किए गए हैं। इनमें से बीए की 480 सीटों के लिए 754, बीसीए की 80 सीटों के लिए 250, बीबीए की 80 सीटों के लिए 140, बीकॉम की 140 सीटों के लिए 150, बीएससी फिजिकल साइंस की 300 सीटों के लिए 125, बीएससी लाइफ साइंस की 80 सीटों के लिए 147 और बीएससी गणित की 40 सीटों के लिए 62 आवेदन किए गए हैं।

## बहादुरगढ़ में 28 को होगा सर्व समाज भाईचारा सम्मेलन

- सर्व समाज भाईचारा मंच की ओर से चौधरी छोटूराम धर्मशाला में होगा आयोजन
- वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु देंगे एकजुटता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28 जून को सर्व समाज भाईचारा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन रविवार सुबह 9 बजे चौधरी छोटूराम धर्मशाला में होगा।

कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वह सम्मेलन में सर्व समाज को एकजुट रहने तथा सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने का संदेश देंगे। आयोजकों के अनुसार, सम्मेलन में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और प्रबुद्ध वर्गों के लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से समाज में आपसी सहयोग, एकता और सद्भाव की भावना को और मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सर्व समाज भाईचारा मंच की ओर से क्षेत्र के नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसे सफल बनाने की अपील की गई है।





# बॉर्डर 3 में दिखाई जाएगी जनरल हरबख्श सिंह की कहानी...

**नई दिल्ली।** बॉर्डर 2 की जबरदस्त सक्सेस के बाद अब निधि दत्ता ने जेपी फिल्म्स के बैनर तले कुछ और फिल्में बनाने का फैसला लिया है। निधि एक या दो नहीं पांच फिल्में बनाने के मूड में हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा में है बॉर्डर 3। बताया जा रहा है कि ये फिल्म एक वॉर बायोपिक होगी। असल में यह जनरल हरबख्स सिंह की बायोपिक होगी। बॉर्डर 3 के अलावा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित एक एयर फोर्स ड्रामा फिल्म, माइथोलॉजी और भारतीय इतिहास पर आधारित एक ट्रेजर हंट फिल्म और इनके अलावा लीजेंड्री फिल्म मेकर ओपी दत्ता (जेपी दत्ता के पिता) की जिंदगी पर एक लंबी सीरीज बनाने की प्लानिंग है।

लाइफ Style

# अनुष्का

## कोरियन फिल्म में निभाएंगी लीड रोल

एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने बड़ी अपलब्धि हासिल की है। वह साउथ कोरियन फिल्म में लीड रोल निभाने वाली पहली भारतीय एक्ट्रेस बनने वाली हैं। 23 साल की यह स्टार आने वाली रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा 'जेजू ओले' में लीड रोल निभाएंगी, जो भारत और साउथ कोरिया के बीच एक सांस्कृतिक सहयोग है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म में अनुष्का ने अलीशा का किरदार निभाया है, जो अपनी बहन को खोने के दुख से उबरने की कोशिश करते हुए साउथ कोरिया के खूबसूरत जेजू आइलैंड पर पहुंचती है। जब वह अपनी भावनाओं को समझने और अपनी जिंदगी को फिर से संवारने की कोशिश करती है, तो उसका सिंगर-सॉन्गराइटर सुनवू (जिसे कोरियन एक्टर कांग ह्युंग-सेओक ने निभाया है) के साथ एक रिश्ता बन जाता है। फिल्म की कहानी जेजू आइलैंड की खूबसूरत लोकेशन पर आधारित है। हाल ही में, अनुष्का ने 'द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया' से फिल्म में काम करने के अपने अनुभव, साउथ कोरिया के साथ अपने लंबे समय से चले आ रहे जुड़ाव और एक नई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम के दौरान आई चुनौतियों के बारे में बात की। इस प्रोजेक्ट के महत्व पर बात करते हुए, उन्होंने कहा कि 'जेजू ओले' का महत्व इसलिए और भी ज्यादा है क्योंकि यह एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा है, जिसे वह हमेशा से पसंद करती रही हैं। अनुष्का ने बताया कि उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान के-ड्रामा देखना शुरू किया था। समय के साथ, उन्हें कोरियन कहानी कहने के अंदाज से प्यार हो गया और अक्सर वह ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने का सपना देखती थीं।



हॉलीवुड मसाला



# डॉक्टर डूम के रूप में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** एमसीयू की आने वाली फिल्म 'अवेंजर्स डूम्सडे' का दर्शकों के बीच उत्साह है। यह फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होगी। इसमें हॉलीवुड स्टार रॉबर्ट डाउनी डॉक्टर डूम के रूप में नजर आएंगे। हाल ही में टॉम हॉलैंड ने खुलासा किया कि उन्हें मार्वल के इस सीक्रेट का पहले ही पता चल गया था। टॉम के मुताबिक, मार्वल द्वारा डॉक्टर डूम के रूप में मार्वल यूनिवर्स में डाउनी की वापसी की घोषणा करने से पहले रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने निजी रूप से उन्हें फोन किया था।



# एमसीयू में सिर्फ एक को पता है, पीटर कौन है?

**लॉस एंजिल्स।** 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' की रिलीज से ठीक एक महीने पहले टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। पिछली फिल्म 'नो वे होम' के आखिर में हमने देखा था कि डॉक्टर स्ट्रैंज के जादू से दुनिया यह भूल चुकी है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। लेकिन, अब टॉम ने बातों-बातों में खुलासा किया है कि एमसीयू में एक ऐसा है, जिसे यह सच पता है। 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' 30 जुलाई को भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कहानी वहीं से शुरू होगी, जहां 'नो वे होम' की खत्म हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि रिलीज से ठीक पहले पीटर पार्कर यानी एक्टर टॉम हॉलैंड ने एक मजेदार हिंट दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि एमसीयू में सिर्फ एक ऐसा किरदार है, जिसे पता है कि पीटर पार्कर ही स्पाइडर-मैन है। स्पाइडर-मैन' फ्रैंचाइजी की यह चौथी है, जबकि 'एवेंजर्सः डूम्सडे' से पहले यह मार्वल सिनमैटिक यूनिवर्स की कहानी को नया मोड़ देगी।



# बहुत घबराहट हो रही थी फिर सबने की मदद

**मुंबई।** बोलो ता रा रा, तुनक तुनक तुन, ना ना ना रे और हो जाएगी बल्ले-बल्ले जैसे गानों की सौगात देने वाले मशहूर सिंगर दलेर मेहंदी अब परदे पर एक्टिंग करते नजर आएंगे। फिल्म होगी 'वेलकम टू द जंगल'। इस मल्टीस्टारर फिल्म में काम करके दलेर मेहंदी बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में उन्होंने अपना अनुभव शेयर करते हुए सितारों की तारीफ की। अपना अनुभव बताते हुए दलेर मेहंदी ने कहा कि उन्हें फिल्म की पूरी कास्ट से बहुत प्यार और सपोर्ट मिला। दलेर मेहंदी ने माना कि शुरू में उन्हें घबराहट हो रही थी। सब दोस्त हैं, लेकिन जब एक्टिंग की बारी आई तो बहुत घबराहट हो रही थी'। मगर, सेट पर मौजूद अच्छे और दोस्ताना माहौल की वजह से उनकी घबराहट जल्द ही दूर हो गई। सिंगर ने कहा, 'अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी बहुत अच्छे इंसान हैं।



# वो 7 दिन के 43 साल पूरे होने पर मनाया जश्न

**मुंबई।** 1983 में आई सुपरहिट फिल्म 'वो 7 दिन' के 23 जून को पूरे 43 साल हो गए हैं। अनिल कपूर ने अपनी इस फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए एक पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया है। अनिल कपूर ने बताया कि इसी फिल्म ने उन्हें हिंदी सिनेमा में असली पहचान दिलाई। अनिल कपूर ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म के कई सीन का एक वीडियो शेयर किया है, जिसके बैकग्राउंड में फिल्म का मशहूर गाना 'प्यार किया नहीं जाता' बज रहा है। उन्होंने लिखा कि कुछ फिल्में हमेशा दिल के करीब रहती हैं और 'वो 7 दिन' उनके लिए हमेशा बेहद खास रहेगी। अनिल कपूर ने फिल्म के साथी कलाकारों और अपने परिवार का आभार जताया। नसीरुद्दीन शाह और पद्मिनी कोल्हापुरे के बारे में अनिल कपूर ने कहा कि वे इन दोनों कलाकारों के हमेशा आभारी रहेंगे।

टीवी मसाला




# तारक मेहता के इन कलाकारों ने नहीं की शादी, 48-50 की उम्र में भी कुंवारे

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जितना पॉपुलर है, उसके किरदार भी उतने ही पॉपुलर हैं और दर्शकों के दिलों में बसे हुए हैं। कई कलाकार तो ऐसे रहे, जो यह शो छोड़ चुके हैं, पर आज भी दर्शक उन्हें याद करते हैं। जेठालाल से लेकर दयाबेन, बबीता जी और पोपटलाल, समेत हर किरदार दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ चुका है। पोपटलाल तो ऐसा किरदार है, जिसकी लाख कोशिशों के बावजूद शादी नहीं हो पा रही है। 'तारक मेहता' में पोपटलाल की शादी करवाने के लिए न जाने कितने ही सीक्वेंस शुरू किए गए, पर अब तक वह कुंवारा ही है। हालांकि, उस किरदार को निभाने वाले एक्टर श्याम पाठक असल में शादीशुदा हैं और तीन बच्चों के बाप भी। लेकिन, यहां आपको 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के उन एक्टर्स के बारे में बता रहे हैं, जो असल जिंदगी में कुंवारे हैं। किसी की उम्र 50 साल से अधिक है तो किसी की 48 साल है, पर अभी तक उनकी शादी नहीं हुई है। यानी कह सकते हैं कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के ये कलाकार असल जिंदगी में 'पोपटलाल' हैं। 'मिस्टर अय्यर' यानी तनुज महाशब्दे 45 साल के हैं, पर अब तक कुंवारे हैं। असल जिंदगी में उनकी शादी नहीं हुई है। बबीता जी का किरदार निभाने वालीं मुनमुन दत्ता असल जिंदगी में कुंवारी हैं। वह 38 साल की हैं। शादी को लेकर मुनमुन दत्ता ने रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में कहा था कि उन्हें प्यार पसंद है, पर शादी के पीछे नहीं भागतीं। वह सिंगल हैं और बच्चे नहीं हैं, तो इस वजह से खुद पर ध्यान दे पाती हैं। मुनमुन दत्ता ने कहा था कि शादी कभी भी उसका जीवन भर का सपना नहीं रहा, और बड़े होते हुए उन्होंने कभी किसी आदर्श पति या परफेक्ट शादी के बारे में नहीं सोचा। साथ ही कहा था कि अगर शादी होनी है, तो वह अपने आप हो जाएगी। मिसेज अंजलि तारक मेहता का रोल निभाने वालीं नेहा मेहता भी आज तक सिंगल और कुंवारी ही हैं। वह 48 साल की हो चुकी हैं, पर शादी नहीं हुई है।

## 'मुझे लड़कियों का सिगरेट पीना पसंद नहीं'

**नई दिल्ली।** 'अंगूरी भाभी' शिल्पा शिंदे ने फेमिनिज्म पर बात करते हुए कहा है कि उन्हें महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है, जिसे मॉडर्न होने से जोड़कर देखा जाता है।



उन्होंने पहनावे पर भी बात की और कहा कि इंसान की सोच उसके कपड़ों पर निर्भर नहीं करती। उन्होंने खुद को रूढ़िवादी बताया। एक इंटरव्यू में शिल्पा शिंदे ने कहा कि कुछ निजी मान्यताओं को लेकर वह थोड़ा रूढ़िवादी हैं और उन्हें महिलाओं को स्मोकिंग करते हुए देखना अच्छा नहीं लगता, जिसे 'मॉडर्न' होने का नाम दिया जाता है। शिल्पा शिंदे ने कहा, 'असल में, मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं। सच कहूं तो, मुझे महिलाओं और लड़कियों का स्मोकिंग करना पसंद नहीं है। यह मेरी निजी राय है और इसीलिए मैं कहती हूं कि इस मामले में मैं थोड़ी रूढ़िवादी हूं।'

# पांच साल बाद फिर डराने आ रहे इमरान, फिल्म 'रूह' की घोषणा

**मुंबई।** हॉरर फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता इमरान हाशमी पांच वर्षों के बाद एक बार फिर हॉरर जॉनर फिल्म में नजर आने वाले हैं। उनकी नई फिल्म 'रूह' की घोषणा हो चुकी है। मेकर्स ने इसका पहला लुक भी जारी किया है। फिल्म के मेकर्स ने एक वीडियो के जरिए फिल्म 'रूह' की घोषणा की है। 52 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि एक जंगल में एक रहस्यमयी लड़की है। इसके बाद एक धुंधला सा शीशा नजर आता है। इस शीशे को एक रहस्यमयी हाथ साफ करता है। शीशे में इमरान हाशमी का चेहरा नजर आता है। देखते-देखते इमरान हाशमी की आंखें काली हो जाती हैं। इसके बाद फिल्म का टाइटल 'रूह' लिखा नजर आता है। यह फिल्म 2027 में रिलीज होगी। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु जैसी भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक मयंक शर्मा होंगे। इसके लेखक मयंक शर्मा और विशाल कपूर हैं। फिल्म के निर्माता विक्रम खंखर और सनी खन्ना होंगे।



इमरान हाशमी बताया कि 'रूह' एक ऐसी फिल्म है जिसने मुझे तुरंत अपनी ओर खींचा, क्योंकि इसमें नए जमाने की हॉरर, भावना और संगीत का बहुत जबरदस्त मेल है। दर्शक हमेशा से मुझे इस तरह की फिल्मों से जोड़कर देखते आए हैं। मयंक जिस दुनिया को बना रहे हैं, वह बहुत दमदार, इमोशनल और सिनेमैटिक लगती है। 'रूह' के बारे में इसी बात ने मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित किया है। मैं सच में चाहता हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखें।'

# घायल की 36वीं सालगिरह पर सनी हुए भावुक, पिता को किया याद...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन एक्टर सनी देओल ने अपनी शानदार फिल्म 'घायल' की रिलीज के 36 साल पूरे होने पर जश्न मनाया है। उन्होंने इस मौके पर अपने दिवंगत पिता और मशहूर एक्टर धर्मेंद्र को याद किया है। इंस्टाग्राम पर फिल्म के यादगार सीन का एक मोंटाज शेयर करते हुए, सनी देओल ने फिल्म को सफल बनाने का श्रेय धर्मेंद्र को दिया है। वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा 'पापा के भरोसे और राज की राइटिंग ने 'घायल' को मुमकिन बनाया। आपके प्यार ने इसे अमर बना दिया।' इसके साथ उन्होंने रेड हार्ट और हाथ जोड़ने वाले इमोजी भी लगाए। आपको बता दें कि कई निर्माताओं के इस फिल्म को सपोर्ट करने से मना करने के बाद धर्मेंद्र ने खुद 'घायल' को प्रोड्यूस किया। सनी देओल पर उनका भरोसा काम आया और यह फिल्म एक्टर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म की लीड एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने भी 'माहिया तेरी कसम' गाने को रीक्रिएट करके इस फिल्म की 36वीं एनिवर्सरी मनाई। अपने डांस मूव्स दिखाते हुए एक वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, 'आज घायल की 36वीं एनिवर्सरी है। एक ऐसी फिल्म जो हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगी। तीन दशक बाद जब मैं इंडियन सिनेमा से फिर से जुड़ रही हूं, तो फिल्म के इस खूबसूरत रोमांटिक गाने को फिर से देखना बहुत खास लग रहा है।' 'घायल' के निर्देशक राजकुमार संतोषी थे। इसमें राज बब्बर और अमरीश पुरी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। मौसमी चटर्जी, अन्नू कपूर, ओम पुरी, शरत सक्सेना और सुदेश बेरी सपोर्टिंग रोल में नजर आए थे। ढाई करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने 20 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था।





## 77 साल बाद भी कल्ट सॉन्ग सुन कांपती है रूह

# माइक से 25 फीट दूर खड़े होकर लता ने गाया था भूतिया गाना

*नई दिल्ली। स्वरकोकिला लता मंगेशकर ने हिंदी सिनेमा को कई यादगार गाने दिए हैं। उनकी आवाज में गाने सुनते ही दर्शको धुन में खो जाते हैं। 36 से अधिक भाषाओं में गाने देने वालीं लता मंगेशकर ने वैसे तो अपने करियर में कई यादगार गाने गाए हैं, लेकिन 77 साल पहले उन्होंने एक ऐसा गीत गाया था, जिसे आज भी अकेले में सुनने में थोड़ा डर का एहसास होने लगेगा। जिस गाने के बारे में हम आपको बता रहे हैं, उसके बाद ही लता मंगेशकर को 'सुर सम्राज्ञी' का टैग मिला था।*



### बिना साउंड ट्रैक के गाया था हॉरर गाना

लता मंगेशकर की आवाज में गाए हम जिस कल्ट क्लासिक सॉन्ग का जिक्र हम अपने इस लेख में कर रहे हैं, वह साल 1949 में रिलीज हुई हॉरर फिल्म 'महल' का है, जिसमें अशोक कुमार और मधुबाला ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म का एवरग्रीन हिट सॉन्ग 'आएगा आने वाला आएगा' उस दौर में बहुत बड़ा हिट हुआ था। महल के गाने ने एक गाने ने लता मंगेशकर को बॉलीवुड में वह मुकाम दिया था, जिसकी कल्पना भी सिंगर ने नहीं की थी। हालांकि, 'आएगा आने वाला आएगा' गाने में हॉरर फील लाने के लिए मेकर्स ने काफी जद्दोजहद की थी। उस समय पर तकनीकी उपकरण कम थे, जिसकी वजह से इस गाने को गाने के लिए लता मंगेशकर को कमाल अमरोही और खेमचंद प्रकाश ने खाली रूम में एकदम कोने में खड़ा किया था।

### 9 लाख के बजट में बनी महल हुई थी सुपरहिट

लता मंगेशकर की आवाज में गाए इस गीत के बाद ही वह हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी सिंगर बनकर उभरीं। जहां लता मंगेशकर ने गाने को आवाज दी, तो वहीं दूसरी तरफ खेमचंद प्रकाश ने इसका म्यूजिक कंपोज किया। साल 1949 में रिलीज हुई 'महल' का बजट उस दौर में 9 लाख के आसपास था, लेकिन फिल्म की कमाई 1.45 करोड़ के आसपास हुई थी।

### भूतों का फील लाने के लिए बिना टेक्निक किया रिकॉर्ड

*एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स चाहते थे कि जब यह गाना बजे तो ऐसा लगे कि कोई अदृश्य साया या भूत दूर से गाते हुए धीरे-धीरे पास आ रहा है। जिसके लिए लता मंगेशकर रिकॉर्डिंग स्टूडियो में खाली जगह पर थीं और उनसे माइक तकरीबन 25 फीट दूर था। रिकॉर्डिंग स्टूडियो के बीचों-बीच एक माइक्रोफोन रखा गया था। जब लता मंगेशकर ने गाने 'खामोश है जमाना, चुपचाप हैं सितारे...' गाना शुरू किया तो दूर से उनकी आवाज आ रही थी, जो बेहद धीमे थी। वह माइक की तरफ धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थीं, जिससे यह लगे कि 'महल' में मौजूद साए कि आवाज 'हरि' के करीब आ रही है। इत्तेफाक से मुख्य मुखड़े 'आएगा आने वाला आएगा' लाइन आने तक वह माइक के बिल्कुल करीब पहुंच गई थी। मेकर्स ने जिस तरह से इस गाने की प्लानिंग की थी, ठीक सब चीजें उसी तरह से चली, जब 'महल' रिलीज हुई और यह गाना उस दौर में थिएटर्स में बजा तो लोगों को बेहद पसंद आया, लेकिन साथ ही काफी डर भी लगा।*

## खबर संक्षेप

### निर्जला एकादशी का उपवास करना श्रेष्ठ : गुलशन शर्मा



**झज्जर।** हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित मानी जाती है। यही कारण है कि एकादशी के दिन भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। निर्जला एकादशी व्रत ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को रखा जाएगा। मान्यता है कि एकादशी व्रत रखने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। महाबली भीम द्वारा इस व्रत को किया गया था, इसलिए इसे भीमसेनी एकादशी भी कहते है। पंडित गुलशन शर्मा ने बताया कि निर्जला एकादशी का उपवास करना श्रेष्ठ माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि निर्जला एकादशी का व्रत भगवान विष्णु के निमित रखा जाता है। मान्यतानुसार, जो भी निर्जला व्रत रखता है समस्त एकादशी व्रतों का फल एक साथ मिलता है। निर्जल एकादशी का उपवास करने से सुख और यश की प्राप्ति होती है। निर्जला एकादशी का उपवास वीरवार 25 जून को रखा जाएगा।

### बाइक की टक्कर से मोपेड चालक की मौत

**गन्नौर।** चटिया औलिया पावर हाउस के पास पुरखास रोड पर मोपेड और बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान उदेशीपुर के वजीर के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई सोनू ने बताया कि दोनों भाई सोनीपत से मजदूरी कर अपने गांव लौट रहे थे।

## तीन माह पहले हटाया था ढक्कन, आज भी खुले पड़े हैं नाले

# कच्चा बादली रोड पर नाले हो रहे गंदगी से जाम, दुकानदार परेशान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

शहर के कच्चा बादली रोड पर गंदगी से अटे नालों के कारण दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि करीब तीन माह पहले सफाई के लिए नालों के ढक्कन हटाए गए थे। इसके बाद कर्मचारियों द्वारा नाले की सफाई की गई लेकिन उन पर आज तक ढक्कन नहीं रखे गए जिस कारण नालों में फिर से गंदगी जमा हो रही है और आसपास बदबू का माहौल बना रहता है।

दुकानदार मनीष, सुखबीर, रितुराज, विपिन, सागर, दीपक, पुष्कर और विक्की ने बताया कि खुले नालों के कारण बच्चों और राहगीरों के गिरने का खतरा बना रहता है। कुछ समय पहले एक गोवंश भी नाले में गिर चुका है। इसके अलावा नाले दुकान के साथ लगते होने के कारण उन्हें व ग्राहकों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दुकान बंद करते समय एक-दो बार चाबियां भी नाले में गिर चुकी हैं। दुकानदारों ने जिला प्रशासन से नालों की सफाई कराने और उन पर स्थायी रूप से ढक्कन लगवाने की मांग की है, ताकि दुर्घटनाओं और गंदगी की समस्या से राहत मिल सके।



झज्जर। नाले में जमा हो रही गंदगी को दिखाते दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

### सीवर-पानी को लेकर कार्रवाई की मांग

**बहादुरगढ़।** शास्त्री नगर और किला मोहल्ला में सीवर-पानी की समस्या को लेकर पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने जलापूर्ति एवं अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अमन मोर से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग एक महीने से पानी सीवर की समस्या के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। उनके अनुसार सीवर लाइन अवैध गोबर डालने वालों की वजह से जाम रहती है। इनके खिलाफ विभाग सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को झूठे आश्वासन छोड़कर धरातल पर काम करना चाहिए।



बहादुरगढ़। गांव सोलधा में नालों की सफाई में जुटे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## बरसात से पहले गांव सोलधा में नालों की हो रही सफाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

गांव सोलधा में बरसात के मौसम को देखते हुए ग्राम पंचायत द्वारा नालों की सफाई का कार्य करवाया जा रहा है। पंचायत द्वारा वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को राहत दिलाने और सुचारू जलनिकासी सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। गांव की सरपंच लक्ष्मी प्रदीप काजला ने बताया कि मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पंचायत द्वारा पहले से ही आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गांव के मुख्य नालों और जल निकासी मार्गों की सफाई करवाई गई है ताकि बरसाती पानी बिना किसी रुकावट के निकल सके। उन्होंने कहा कि पंचायत गांव में स्वच्छता और बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। ग्रामीणों से भी अपील की गई है कि वे नालों में कूड़ा-कचरा न डालें और साफ-सफाई बनाए रखने में पंचायत का सहयोग करें। सरपंच ने कहा कि जलनिकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए भविष्य में भी नियमित रूप से सफाई अभियान चलाए जाएंगे, जिससे बरसात के मौसम में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## आबादी 2 फीसदी और मेडल 50 प्रतिशत से भी ज्यादा

- हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सांगवान कोच ने खेल नीति का किया बखान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

खेल के मैदान पर हरियाणा के खिलाड़ी लगातार कमाल कर रहे हैं। प्रदेश के खिलाड़ी विदेश की धरती पर नित-नए कीर्तिमान रच रहे हैं। ओलंपिक दिवस पर मॉडर्न स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सांगवान कोच ने बताया कि हरियाणा की खेल नीति की प्रशंसा पूरे देश में हो रही है। पूरे देश की 2 फीसद आबादी के बावजूद हरियाणा के खिलाड़ी 50 प्रतिशत से अधिक मेडल जीतते हैं। बता दें कि 23 जून 1894 को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना हुई थी और 1948 से 23 जून को ओलंपिक दिवस मनाया जाता है। हरियाणा ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह के अनुसार हरियाणा के खिलाड़ी दुनिया में भारत का नाम रौशन कर रहे हैं। ओलंपिक 2036 को लेकर हरियाणा सरकार ने अभी से खिलाड़ियों के साथ मिलकर तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ियों को देश में सर्वाधिक पुरस्कार राशि मिल रही है। प्रदेश के सभी स्टेडियमों को रिपेयर किया जा रहा है।

### नर्सरी से बेहतरीन खिलाड़ी निकल कर आ रहे



राकेश कोच ने बताया कि हरियाणा सरकार के खेल विभाग द्वारा संचालित खेल नर्सरी से बेहतरीन खिलाड़ी निकल कर आ रहे हैं। स्कूलों में भी छात्रों को खेल की सुविधाएं दी जा रही हैं। अच्छी ट्रेनिंग की वजह से युवा अच्छी परफॉर्मेंस दे रहे हैं। ये बच्चे भविष्य में देश के लिए मेडल लेकर आएंगे और हरियाणा का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधान मीनू बेनिवाल के प्रयासों से ओलंपिक संघ ने 17 साल बाद गत वर्ष हरियाणा में स्टेट गेम्स की शुरुआत की। युवाओं को खेलों से जोड़ने, अनुशासन में रहकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करने और अपनी क्षमताओं में इजाफा करने में ऐसे प्रयास फलदायी होते हैं।

### मुख्यमंत्री की योग संबंधी घोषणाओं का किया स्वागत

**झज्जर।** योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय योग समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा की गई योग एवं योगासन खेल से जुड़ी घोषणाओं का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर मदन मानव व महासचिव हर्ष ने संयुक्त रूप से जारी बयान में कहा कि कक्षा तीसरी से नौंवी तक योग शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल करने, शिक्षकों को विशेष योग प्रशिक्षण देने, एचएसएससी व एचपीएससी परीक्षाओं में योग संबंधी प्रश्न शामिल करने, मोरनी में प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग संस्थान स्थापित करने, योगासन को खेल नीति में शामिल करने तथा आयुष विभाग में रिक्त पदों को भरने जैसी घोषणाएं प्रदेश में योग के विकास को नई दिशा देंगी।

## मतदाता गणना प्रपत्र वितरण कार्य अंतिम चरण में : डीसी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

जिले में मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से एसआईआर का कार्य जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत बीएलओ द्वारा घर-घर गणना प्रपत्र वितरण किया जा रहा है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने एसआईआर कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को गणना प्रपत्र वितरण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि मतदाताओं द्वारा प्रपत्र भरने उपरांत वापिस लेने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। उन्होंने कहा कि जिला का कोई भी पात्र नागरिक मतदाता बनने से वंचित न रहे और किसी भी अयोग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो, इसी उद्देश्य के साथ एसआईआर अभियान चलाया जा रहा है। बीएलओ घर-घर जाकर पूरी सजगता के साथ गणना प्रपत्र वितरण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा संबंधित अधिकारी फील्ड स्तर पर इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करवाएं। उन्होंने कहा कि जिले भर में मतदाता गणना प्रपत्र वितरण कार्य अंतिम चरण में है।



झज्जर। एसआईआर को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देतीं डीसी वर्षा खांगवाल।



बहादुरगढ़। आसौदा में कन्या जन्म पर कुआं पूजन करती जया। फोटो : हरिभूमि

### आसौदा में बेटी के जन्म पर किया कुआं पूजन

**बहादुरगढ़।** गांव आसौदा टोडरान में सैन परिवार द्वारा बेटी के जन्म पर कुआं पूजन का आयोजन किया गया। नवजात बेटी जसिका सैन के जन्म उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में ग्रामीणों, रिश्तेदारों और समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। जसिका के पिता सचिन सैन और मां जया सैन ने बेटी के जन्म को परिवार के लिए सौभाग्य का विषय बताया। परिवार के दादा नरेश सैन और दादी आशा देवी ने कहा कि बेटी घर की खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक होती है। सतबीर, दिलबाग, राजेश, कुलदीप आदि ने कहा कि परिवार ने बेटी और बेटे के बीच भेदभाव मिटाने तथा समाज में सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से यह आयोजन उत्साह के साथ किया।

## प्रशिक्षण के बाद 40 महिलाओं को वितरित किए प्रमाण पत्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में ब्यूटी पार्लर एवं सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक उमेश भूकर गोरिया ने की, जबकि मुख्यातिथि के रूप में मुख्य जिला अग्रणी प्रबंधक राजीव रंजन ने शिरकत की। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। महिलाएं अपने हुनर के बल पर आर्थिक रूप से सशक्त बनकर परिवार और समाज के विकास में अहम भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से सीखे गए कौशल का उपयोग स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसर सृजित करने में करने का आह्वान किया। संस्थान निदेशक उमेश भूकर गोरिया ने बताया कि उनके संस्थान द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागी बैंक ऋण की सहायता से अपना ब्यूटी पार्लर, सिलाई केंद्र अथवा अन्य स्वरोजगार गतिविधियां शुरू कर सकते हैं। समारोह में 40 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर संस्थान के आशीष रोहिल्ला, सतपाल सिंह, आशीष शर्मा, शशी कुमार, सुरेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। संस्थान के पदाधिकारियों के साथ उपस्थित प्रशिक्षणार्थी। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। संस्थान के स्टाफ सदस्यों के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थी पोस्टर बनाकर दे रहे एसआईआर पर संदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

जिलाभर में मतदाता सूची के एसआईआर अभियान को सफल बनाने के लिए स्वीप गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झज्जर एट गुढ़ा में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर बनाकर मतदाता जागरूकता और एसआईआर अभियान में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों को बीएलओ का सहयोग करने और आमजन को जागरूक करने के लिए भी प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए सम्मानित किया गया।

## रोहतक में होने वाली महापंचायत को लेकर गांव-गांव जनसंपर्क

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़**

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने रोहतक में होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए सांखोल गांव में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी ने बताया कि भाजपा सरकार ने किसानों से वायदा करके भी लागत से डेढ़ गुणा एमएसपी पर खरीद की गारंटी का कानून नहीं बनाया। किसान मजदूरों को कर्ज मुक्त नहीं किया। वृद्धावस्था पेंशन नहीं बढ़ाई। ग्रामीण गरीबों को रोजगार नहीं दिया और बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा नहीं दिया। निजीकरण को बढ़ावा देने के साथ ही अमेरिका के साथ जन विरोधी मुक्त व्यापार समझौता किया जा रहा है। जिले सिंह ने कहा कि देश के मेहनतकश लोगों के सामने उनकी मेहनत की लूट से बचाव का एकमात्र रास्ता आंदोलन ही है। बीजेपी सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ 25 अक्टूबर 2026 को रोहतक में किसान-मजदूर, महिला, छात्र-युवा महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। सूबेदार बलबीर सिंह, रामनिवास, संजीत सिंह, नवीन भोला, अजय सिंह व नवनीत सिंह आदि ने हर सहयोग का आश्वासन दिया।



बहादुरगढ़। सरकार की जनविरोधी नीतियों के पर्चे बांटते जयकरण मांडोठी। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। सीताराम गेट में मकान से सटा बिजली पोल। फोटो : हरिभूमि

## घर से सटे बिजली के पोल से हादसों का बढ़ा खतरा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

शहर के सीताराम गेट क्षेत्र में एक बिजली का पोल मकान से सट जाने के कारण स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। पोल के तिरछा होने से बिजली की तारें भी नीचे लटक गई हैं, जिससे विशेषकर बरसात के दिनों में करंट फैलने और किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। मौहल्लावासी मदन प्रजापति, रीतू सैनी, मुकेश, भरपाई देवी, महेंद्र राव, लाला मोहन लाल और नरेंद्र ने बताया कि यह समस्या पिछले करीब तीन माह से बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका समाधान नहीं किया गया है। लोगों के अनुसार पोल धीरे-धीरे झुककर मकान से टकरा गया है, जिससे आसपास रहने वाले परिवारों और राहगीरों की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। क्षेत्रवासियों की माने तो वे कई बार विभागीय अधिकारियों को मौखिक रूप से समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## कार की टक्कर से झज्जर के कंप्यूटर ऑपरेटर की मौत

- टहलने के दौरान हुआ हादसा कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा**

थाना कलां गांव के पास सोमवार देर रात सड़क हादसे में एक कंप्यूटर ऑपरेटर की मौत हो गई। मृतक की पहचान झज्जर जिले के गांव माजरी निवासी प्रवीण के रूप में हुई है, जो हरियाणा कौशल रोजगार योजना के तहत सरकारी स्कूल में कार्यरत था। मुकेश ने पुलिस को बताया कि वह अपने साले प्रवीण के साथ खेतों की ओर टहलने जा रहा था। गांव की पानी की डिग्गी के पास पहुंचने पर खरखौदा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार हुंडई वर्ना कार ने प्रवीण को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार भी पलट गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से प्रवीण को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सिलाना गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर**

वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हॉस्पिटल गिरावड़ द्वारा क्षेत्र के गांव सिलाना में मंगलवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों ने सेवाएं दीं। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंच कर अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा जरुरतमंद लोगों में जहां निःशुल्क दवाओं का वितरण किया वहीं उन्हें स्वास्थ्य की देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया। चिकित्सकों ने शिविर में पहुंचे लोगों को लू से बचने के उपायों संबंधी जानकारी भी दी। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के डॉक्टर रजत गुप्ता व डॉक्टर शिवम सिंह ने बताया कि संस्थान के संस्थापक डॉक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य की उचित देखभाल से भी अवगत कराया गया।



झज्जर। शिविर में उपस्थित चिकित्सक एवं ग्रामीण।

सार्वजनिक सूचना

मैं, शैलेंद्र कुमार पौरुश पुत्र स्व. श्री खजान सिंह पौरुश निवासी 31, पार्ट-टू, अक्षत नगर, देवास, मध्यप्रदेश-455001 व हाल निवासी राम नगर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरी पुत्री पायल मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं पायल से अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में पायल के साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। पायल अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगी। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## खबर संक्षेप



झज्जर। पूर्व केंद्रीय मंत्री चांदराम की प्रतिमा पर पुष्पार्पित करते मंच सदस्य।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री चांदराम को किया नमन

**झज्जर।** स्थानीय जटिया धर्मशाला में मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री व हरियाणा के प्रथम उपमुख्यमंत्री रहे चांदराम की जयंती के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन किया गया। चांदराम विचार मंच के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। इस दौरान आयोजित भंडारे में भी बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ चांदराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। जयंती समारोह के दौरान मिशनरी गायकों द्वारा भजन एवं प्रेरणादायक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस मौके पर एडवोकेट मुकेश कुमार अहलावत, दीवान सिंह रंगा, प्रदीप, धर्मवीर दरोगा, पुष्कर, बलवान, पार्षद यशपाल, जीत, राकेश, रामेश्वर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### वार्ड-15 में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर 28 को

**बहादुरगढ़।** शहर के वार्ड नंबर-15 में स्थित शिव हनुमान मंदिर में रविवार 28 जून को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इनेलो जिला मीडिया प्रभारी एडवोकेट विपिन प्रधान ने बताया कि पार्षद प्रीति भूपेंद्र राठी द्वारा सेंटर फॉर साइट के सहयोग से यह शिविर आयोजित किया जा रहा है। हरदिल मिलाप सभा के संरक्षक रेवतीनंदन कठपालिया के तत्वावधान में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा लोगों की आंखों की जांच की जाएगी।

### अंडर-23 राष्ट्रीय रोइंग स्पर्धा के लिए टीम रवाना

**झज्जर।** अंडर-23 राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप के लिए प्रदेश की 20 सदस्यीय टीम मंगलवार को रवाना हुई। टीम के साथ जाने वाले कोच चांद चहल और जिले के गांव कुलाना निवासी एशियन गेम्स पदक विजेता खिलाड़ी दुष्यंत चौहान से इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। हरियाणा रोइंग एसोसिएशन की अध्यक्ष कमला दलाल ने बताया कि इसके लिए जींद में पिछले एक महीने से टीम का प्रशिक्षण शिविर चल रहा था। उन्होंने विश्वास जताया कि हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारतीय टीम में अधिक से अधिक स्थान हासिल करेंगे। थाईलैंड में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर लौटे दुष्यंत चौहान तथा दीपक रेढू सहित अन्य खिलाड़ी नई तकनीकों के साथ प्रतियोगिता में उतरेंगे और राज्य के लिए पदक जीतने का प्रयास करेंगे।

लखनऊ अग्निकांड के बाद हरकत में आया दमकल विभाग

# होटल और बैंक्वेट हॉलों में निरीक्षण कर किया जागरूक

*अग्निशमन उपकरणों की जांच कराने और सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए किया प्रेरित*

संस्थानों के संचालकों एवं कर्मचारियों को आग लगने की संभावित घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

लखनऊ के कोचिंग सेंटर में हुए अग्निकांड के बाद शहर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से दमकल विभाग द्वारा विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। एसडीएम अभिनव सिवाच के निर्देशानुसार चलाए गए अभियान के तहत दमकल की टीम ने विभिन्न होटल, अस्पताल तथा बैंक्वेट हॉलों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध अग्निशमन व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान फायर विभाग की टीम ने अग्निशमन यंत्रों, फायर अलार्म सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्गों, विद्युत सुरक्षा प्रबंधों तथा अन्य आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जांच की। सब फायर ऑफिसर रविंद्र, निखिल और पंकज आदि ने सुनिश्चित किया कि सभी प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी मानकों का पालन किया जा रहा है और आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। साथ ही संस्थानों के संचालकों एवं कर्मचारियों को आग लगने की संभावित घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और सुरक्षित कार्रवाई करने के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कर्मचारियों को नियमित रूप से अग्निशमन उपकरणों की जांच कराने और सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।



बहादुरगढ़। हॉस्पिटल स्टाफ को जागरूक करते दमकल अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### निर्धारित सुरक्षा उपायों का करें पालन



एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, इसलिए सभी संस्थानों को अग्नि सुरक्षा नियमों का गंभीरता से पालन करना चाहिए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय तत्काल फायर विभाग को सूचना दें और निर्धारित सुरक्षा उपायों का पालन करें।



बहादुरगढ़। सीएम को पौधा भेंट करते भाजपा में शामिल हुए नेता। फोटो : हरिभूमि

## विधायक के साथ सीएम से मिले नए भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

■ सीएम ने भाजपा के संगठन को मजबूती देने का किया आह्वान

हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर, प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन के प्रधान बलराज बल्ली, पूर्व पार्षद महेंद्र और संजय जून ने विधायक राजेश जून के नेतृत्व में सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। भाजपा में शामिल होने के बाद इन नेताओं ने मुख्यमंत्री से पहली औपचारिक मुलाकात की। सीएम ने उन्हें भाजपा के संगठन को मजबूती देने का आह्वान किया। भाजपा की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को प्रेरित किया। युवराज छिल्लर, बलराज दलाल, महेंद्र और संजय जून ने मुख्यमंत्री को पौधा भी भेंट किया।

## नशामुक्ति अभियान में किया मेडिटेशन और एरोबिक्स

*छात्राओं को स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए किया प्रेरित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में 17 जून से शुरू हुए नशामुक्ति अभियान के 7वें दिन मंगलवार को मेडिटेशन व एरोबिक्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

छात्राओं ने उत्साहपूर्वक मेडिटेशन तथा एरोबिक्स गतिविधियों में भाग लिया और नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनचर्या अपनाने का संदेश दिया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने मेडिटेशन और एरोबिक्स के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नियमित ध्यान एवं शारीरिक व्यायाम मानसिक तनाव को कम करते हैं, आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। उन्होंने छात्राओं से स्वस्थ जीवन मूल्यों को अपनाने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का आह्वान किया।

नशामुक्ति सेल की प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने कहा कि नशा व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक उन्नति में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने मेडिटेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित ध्यान मन को एकाग्र, शांत एवं सकारात्मक बनाता है।

शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रीति ने कहा कि युवा शक्ति यदि नशे से दूर रहकर सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेगी तो एक स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत का निर्माण संभव होगा।



बहादुरगढ़। मंगलवार को कॉलेज में एरोबिक्स करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन कर भाजपाइयों ने की संगठनात्मक चर्चा

आने वाले दिनों में संगठन के कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-2 में भाजपा की संगठनात्मक बैठक के साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मृति दिवस मनाया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने शिरकत की। जबकि अध्यक्षता बहादुरगढ़ विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने की।

जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, भाजपा नेता दिनेश कौशिक और बीएलए वन चिराग परूथी आदि ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि मुखर्जी का व्यक्तित्व राष्ट्रीय चिंतन, उच्च विचारों व मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण था। विकास वाल्मीकि ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में संगठन के कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम निर्धारित है। दिनेश कौशिक ने कहा कि हर कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं को लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य करें। सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रमों में सभी की सहभागिता जरूरी है। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, चेयरमैन विनोद कौशिक, नकुल चोपड़ा, प्रदीप गुप्ता, मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग, सुदेश, राजबीर, संजय सैनी, अमित कसार, मंजीत पांचाल व नरेश रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते भाजपा पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### नरेश ने दी मुखर्जी को श्रद्धांजलि

*बहादुरगढ़। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नरेश भारद्वाज ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुण्यतिथि पर श्रद्धापूर्वक नमन किया। उनके अनुसार मुखर्जी द्वारा की राष्ट्र के प्रति समर्पण, सेवा व त्याग की विचारधारा को भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता आगे बढ़ा रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हर वर्ग की भलाई का काम धरातल पर करके मुखर्जी के अंत्योदय की भावना को साकार करने में लगी है।*

### गुभाना में मुखर्जी को बलिदान दिवस पर किया याद

**बहादुरगढ़।** गांव गुभाना के लोकहित पुस्तकालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर ग्रामीणों आह्रैर समिति सदस्यों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बलि दी। सुरेश कुमार, रामकुमार, प्रवीण कुमार, फूल कुमार, साहिल, राकेश, सोनू, देवांश व दैविक आदि ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## माछरौली ब्लॉकाध्यक्ष बने पीतांबर सिंह चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव लुहारी स्थित आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा बैठक का आयोजन कर माछरौली ब्लॉक की चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। बैठक की अध्यक्षता प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला प्रधान वीरेंद्र कादियान ने की। बैठक में सर्वसम्मति से आदर्श सीनियर सैकेंडरी स्कूल लुहारी के संचालक पीतांबर सिंह चौहान को माछरौली ब्लॉक का अध्यक्ष चुना गया। लगातार तीसरी बार निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुने जाने पर उपस्थित स्कूल संचालकों ने उन्हें बधाई दी। नवनियुक्त अध्यक्ष पीतांबर सिंह चौहान ने कहा कि स्कूल संचालकों ने उन पर लगातार तीसरी बार विश्वास जताया है। वह उनके विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे तथा ब्लॉक स्तर पर निजी स्कूलों की समस्याओं के समाधान के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य करेंगे। इस मौके पर अशोक शर्मा, आत्माराम, सतीश कुमार, मौनी चौहान, सतबीर सिंह, अनिल कुमार, रामनिवास चौहान सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। बैठक में उपस्थित प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि

*राजमाता अहिल्याबाई होल्कर सिलाई एवं समर्थ किशोरी केंद्र में हुई विचार गोष्ठी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

उपमंडल बादली स्थित सेवा भारती द्वारा संचालित राजमाता अहिल्याबाई होल्कर सिलाई एवं समर्थ किशोरी केंद्र में मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षिकाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सेवा भारती के प्रधान एवं सामाजिक समरसता विभाग के जिला उपाध्यक्ष हवा सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर में लागू दो विधान, दो प्रधान और दो निशान की व्यवस्था का विरोध करते हुए राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन चलाया और राष्ट्रीय एकता के लिए संघर्ष करते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया। इस मौके पर राकेश कुमार, संत कुमार, विक्रम, राज सिंह मलिक, सुरेंद्र गुलिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में नप चेयरपर्सन ने की बैठक


## भंडारों के लिए नगर परिषद से बर्तन लेकर पर्यावरण बचाने को आगे आएं : राठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

बैठक में 25 जून को होने वाली निर्जला एकादशी पर लगाए जाने वाले भंडारों और छबीलों में प्लास्टिक के बर्तनों के प्रयोग पर रोक लगाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि निर्जला एकादशी पर भंडारे और छबील लगाने में डिस्पोजेबल प्लास्टिक के गिलास, प्लेट और कटोरियों के उपयोग से भारी मात्रा में प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जो पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बनता है। सभी संस्थाएं इस बार प्लास्टिक के स्थान पर स्टील के बर्तनों का प्रयोग करें। वे नगर परिषद के बर्तन बैंक से निशुल्क स्टील के बर्तन प्राप्त कर सकते हैं। शहर की संस्थाएं और नागरिक सहयोग करेंगे तो बहादुरगढ़ को प्लास्टिक प्रदूषण से काफी हद तक मुक्त किया जा सकता है। मौके पर पालेराम शर्मा, क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट से प्रदीप रेढ़ू, डॉ. अजय जैन, वजीर सिंह दहिया आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। बैठक में ट्रस्ट सदस्यों से चर्चा करती चेयरपर्सन सरोज राठी। फोटो : हरिभूमि

## धार्मिक आयोजनों से बढ़ता है समाज में भाईचारा : बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

मंगलवार को सांपला मार्ग स्थित जलघर में बाबा सच्चा दास महाराज की याद में विभागीय कर्मचारियों व आमजन द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता मनीष बंसल ने शिरकत करते हुए सेवा की। मनीष बंसल ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं और आपसी प्रेम, सद्भाव तथा भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान ठेकेदार रणबीर चाहार, रवि मलिक, महावीर सिंह, सुरेश कुमार, अनूप सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



झज्जर। जलघर में आयोजित भंडारे में सेवा करते हुए भाजपा नेता मनीष बंसल। फोटो : हरिभूमि